**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित**

**प्रश्न संख्या-5 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 5 (क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-फतेहपुर, तहसील-बिन्दकी, ग्राम-अमौली, मोहल्ला-अमौली में रजिस्ट्रेशन संख्या- 314310890232, 314310885467 व अन्य कितने व्यक्तियों द्वारा विधवा पेंशन दिये जाने हेतु आवेदन किये गये है और कितने व्यक्तियों को वर्तमान में उक्त राशि का लाभ प्राप्त हो रहा है ? | जनपद-फतेहपुर, तहसील-बिन्दकी, ग्राम-अमौली, मोहल्ला-अमौली में रजिस्ट्रेशन संख्या-314310890232 में पी0एफ0एम0 एस0 के माध्यम से निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। रजिस्ट्रेशन संख्या-314310885467 पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है। इसके अतिरिक्त अन्य 189 लाभार्थियों द्वारा विधवा पेंशन हेतु ऑनलाइन आवेदन किये गये हैं, जिसमें से 158 लाभार्थियों को पेंशन की धनराशि का भुगतान पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से किया जा रहा है। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त लाभार्थियों के खातों में पेंशन दे दी गयी है? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब ? | वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही की किस्त माह जून, 2025 में एवं द्वितीय तिमाही की किस्त का भुगतान माह अगस्त, 2025 में किया जा चुका है। |
| (घ) यदि नहीं, तो शेष बचे लाभार्थियों की पेंशन कब तक खाते में भेज दी जायेगी? | अवशेष 31 लाभार्थियों के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि 23 लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण न होने, 07 लाभार्थियों का पी0एफ0एम0एस0 रिस्पांस प्राप्त न होने एवं 01 लाभार्थी का बैंक में एन0पी0सी0आई0 मैप न होने के कारण उन्हें पेंशन नहीं भेजी जा सकी है। उक्त लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण एवं एन0पी0सी0आई0 कराने हेतु अवगत करा दिया गया है। |

**बेबी रानी मौर्य**

**मंत्री।**